सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 213 इंदौर, सोमवार 17 फरवरी, 2025 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सीएम मुरैना में पूर्व पीएम स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को मुरैना में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य जायेंगे,



जहां घड़ियालों को चंबल नदी में छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव करह धाम आश्रम का भ्रमण कर वहां संचालित गतिविधियों का अवलोकन भी करेंगे। सीएम चंबल अभयारण्य का भ्रमण कर चंबल नदी के घड़ियाल अभयारण्य की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर पर्यटन सुविधाओं का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति ने मध्यप्रदेश को कई वरदान दिए हैं। सघन वन, वृक्षों की विविधता के साथ ही वन्य-प्राणियों की भी विविधता मध्यप्रदेश में देखने को मिलती है। वनों और वन्य-प्राणियों से मध्यप्रदेश की एक अलग पहचान बनी है। मध्यप्रदेश बाघ, तेंदुआ और घड़ियाल जैसे प्राणियों की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है। चीता पुनर्स्थापन करने वाला मध्यप्रदेश एक मात्र प्रदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में ही नहीं पूरे विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि विश्व में लगभग तीन हजार घड़ियाल हैं, तो इनमें से 85 प्रतिशत चंबल नदी में हैं। करीब चार दशक पहले घड़ियालों की गणना का कार्य शुरू हुआ, जिससे घड़ियालों के इतनी बड़ी संख्या में चंबल में होने की जानकारियां सामने आईं। जनवरी और फरवरी महीने में अनुकूल तापमान का अनुभव कर घड़ियाल पानी से बाहर निकलते हैं और उस वक्त घड़ियालों और मगरमच्छों की गिनती आसानी से हो जाती है।

## खड़ी बस में डंपर की टक्कर, गाड़ी पलटने से मची चीख पुकार, 32 घायलों में कई गंभीर, हाईवे पर हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के बैतूल के स्टेट हाईवे पर रविवार शाम एक बड़ा हादसा हुआ। एक खड़ी बस को डंपर ने टक्कर मार दी। बस पलट गई और 32 लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

रानीपुर थाना क्षेत्र के खमालपुर गांव में यह हादसा हुआ। बैतूल से सारणी जा रही प्रतीक्षा बस यात्रियों को उतारने के लिए रुकी थी। तभी घोड़ाडोंगरी की तरफ से आ रहे एक डंपर ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस पलट गई। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मदद के लिए दौड़े। सूचना मिलते ही रानीपुर थाना प्रभारी अवधेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कई एम्बुलेंस भी बुलाई गईं। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में 29 घायलों का इलाज चल रहा है। कुछ घायलों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की खबर मिलते ही कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, बैतूल एसडीएम राजीव कहार, पुलिस और राजस्व अधिकारी भी जिला अस्पताल पहुंचे।

### जीआईएस में एक जिला, एक उत्पाद का एक्स-पो

### सीएम डॉ. यादव बोले-

# लोकल उत्पादों को मिलेगा ग्लोबल मंच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल में 24 फरवरी से आयोजित हो रहे ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) में एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) का एक्सपो लगेगा। इसमें खास बात यह होगी कि समिट में आने वाले प्रतिनिधि और अतिथि भी इन उत्पादों को बनाने का अनुभव ले सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ''एक जिला-एक उत्पाद'' हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एक्स-पो माध्यम से हम अपने स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच देने जा रहे हैं, जिससे प्रदेश के उद्योगों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। सीएम ने कहा कि यह एक्स-पो न केवल हमारे कारीगरों के कौशल को प्रदर्शित करेगा, बल्कि उन्हें नए व्यावसायिक अवसर भी प्रदान करेगा। इसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के विशिष्ट उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे स्थानीय शिल्प, कृषि और खाद्य उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी।




### 38 उत्पादों के लगेंगे स्टॉल

एक्स-पो में प्रदेश के 38 ओडीओपी उत्पादों के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया है। लाइव काउंटर में बाघ प्रिंट, जरी जरदोजी, बाटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया को कारीगरों द्वारा लाइव प्रस्तुत किया जाएगा। खास बात यह है कि प्रतिनिधि और अतिथि कारीगरों के मार्गदर्शन में खुद भी इन उत्पादों को बनाने का अनुभव ले सकेंगे। 'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल जोन' में मानव संग्रहालय में मिट्टी के बर्तन और धातु कला के लाइव काउंटर भी आकर्षण का केंद्र होंगे।

### 16 लाइव काउंटरों पर कला और शिल्प का प्रदर्शन होगा

एक्स-पो में खाद्य, मसाले और फलों से जुड़े 32 ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल पर उनकी निर्माण प्रक्रिया के साथ प्रदर्शित किया जाएगा। यहां प्रतिनिधि इन उत्पादों को न केवल देख और समझ सकेंगे, बल्कि उन्हें खरीद भी पाएंगे। साथ ही 16 लाइव काउंटरों पर मध्यप्रदेश की पारंपरिक कला और शिल्प का प्रदर्शन होगा, जहां अतिथि स्वयं इस प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे।

### कारीगरों के भविष्य को नई दिशा

एक्स-पो कारीगरों को नए व्यावसायिक अवसर प्रदान करेगा। प्रत्येक काउंटर पर आने वाले आगंतुकों का डेटा एकत्र किया जाएगा, जिससे भविष्य में बी-टू-बी और बी-टू-सी नेटवर्किंग के माध्यम से कारीगरों को बाजार से जोड़ा जा सके। इस डेटा प्रबंधन की जिम्मेदारी भोपाल के प्रतिष्ठित कॉलेजों के छात्रों को दी गई है, जिससे उन्हें भी व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

### आज मध्यप्रदेश महापौर परिषद की बैठक

# सफाई मॉडल के साथ देखेंगे छप्पन दुकान और सराफा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर, एजेंसी। मध्यप्रदेश महापौर परिषद की बैठक 17 फरवरी को इंदौर में होने जा रही है। ये बैठक ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में शुरू होगी। 16 में से 14 महापौर ने आने की स्वीकृति दी है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के साथ ही वे शहर का सफाई मॉडल देखेंगे और छप्पन दुकान और सराफा में घूमने भी जाएंगे।**

मध्यप्रदेश महापौर परिषद की बैठक को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव इस बैठक की मेजबानी करेंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि 17 फरवरी को मध्यप्रदेश के सभी शहरों के महापौर देवी अहिल्या की इस नगरी में होंगे। 16 में से 14 महापौरों ने अपने आने की स्वीकृति दी है। ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर पर उद्घाटन



सत्र के साथ-साथ नगरीय निकायों के विकास उनकी आवश्यकताएं व मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा होगी। सभी महापौर को इंदौर के सफाई मॉडल के साथ-साथ इंदौर का छप्पन दुकान और सराफा की सैर भी करवाई जाएगी। बताया जा रहा है कि इस बैठक में सीएम डॉ.मोहन यादव ऑनलाइन जुड़ेंगे। उद्घाटन सत्र में सभी को संबोधित करेंगे। बैठक में कई मंत्रियों सहित जनप्रतिनिधि और नगर निगम के अधिकारी शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र के बाद राउंड टेबल पर चर्चा की जाएगी। इसमें नगरीय निकायों के विकास सहित विभिन्न विषयों पर बातचीत होगी। बैठक में कुछ प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। बैठक के बाद महापौरों को इंदौर का सफाई मॉडल बताया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें छप्पन दुकान और सराफा चौपाटी की सैर कराई जाएगी, जहां पर वे अलग-अलग जायकों का लुत्फ लेंगे।

# गंगवाल से सरवटे बस स्टैंड हटे बाधक निर्माण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में दो बस स्टैंडों को जोड़ने वाली सरवटे गंगवाल बस स्टैंड का निर्माण तीन साल पहले शुरू हुआ था,लेकिन अभी तक बाधक हिस्से ही नहीं हटे। रविवार को नगर निगम का अमला दो पोकलेन, जेसीबी और 50 से ज्यादा श्रमिक लेकर बाधक हिस्सा हटाने पहुंचा।**



पंद्रह से ज्यादा बाधक हिस्से हटाए गए। अब मार्ग के जिन हिस्सों में पर्याप्त चौड़ाई है, वहां अब नगर निगम सड़क बनाएगा। बाधक हिस्से तोड़े जाने का रहवासियों ने विरोध भी किया। उनका कहना था कि तीन साल पहले भी बाधक निर्माण बड़ी संख्या में तोड़े गए, लेकिन सड़क नहीं बनाई जा रही है, फिर क्यों लोगों के निर्माण क्यों तोड़े जा रहे है। अफसरों ने कहा कि मास्टर प्लान में मार्ग की जो चौड़ाई है। उसके हिसाब से नोटिस दिए गए है और उतने ही हिस्से में निर्माण तोड़े जा रहे है। दोनो स्टेशनों के बीच मच्छीबाजार, बियाबानी, जूनी इंदौर क्षेत्र में 80 से ज्यादा निर्माण पूर्व में तोड़े जा चुके है। रविवार को पांच से लेकर आठ फुट तक मकानों के बाधक हिस्से तोड़े गए। चौड़ाई की जद में दो-तीन मंजिला मकान बाधक थे। जिन्हें पोकलेन की मदद से हटाया गया। अभी भी 40 से ज्यादा बाधक निर्मार पूरे मार्ग में है, जिन्हे आने वाले दिनों में हटाया जाएगा। अफसरों का कहना है कि सिंहस्थ मेले के समय दोनो स्टेशनों के बीच की सड़क पर ट्रैफिक रहेगा। इस कारण सड़क की चौड़ा किया जा रहा है। सिरपुर तालाब के केचमेंट एरिया से भी रविवार को सात मकान तोड़े गए। यह हिस्सा ग्रीन बेल्ट में है। वहां अवैध निर्माण भी हो रहे है। कुछ निर्माणाधीन मकानों को भी तोड़ा गया।

# जूते-बेल्ट, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एग्जाम हॉल के बाहर रखवाए

## 342 सेंटरों पर एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा हुई

**इंदौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा-2025 रविवार को 52 जिलों में हुई। यह परीक्षा कुल 158 पदों के लिए आयोजित की गई। छात्रों को परीक्षा के लिए सुबह 9 बजे बुलाया गया था। परीक्षा केंद्रों पर जांच के दौरान छात्र-छात्राओं को अलग-अलग कतार में लगाकर उनकी तलाशी ली गई। छात्रों के परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले ही मुख्य द्वार पर कड़ी चेकिंग की गई। जो छात्र जूते पहनकर परीक्षा देने पहुंचे थे। उनके जूते परीक्षा केंद्र के बाहर ही उतरवा लिए गए। इसके अलावा बेल्ट, बैग, वॉलेट, बिना ट्रांसपेरेंट बोतल, घड़ियां, गाड़ियों की चाबियां और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर ही जमा करा लिए गए थे। MPPSC इंदौर के ओएसडी डॉ. आर. पंचभाई ने बताया- इंदौर में सबसे ज्यादा 71 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें प्रमुख सरकारी



कॉलेज जैसे होलकर साइंस कॉलेज और अटल बिहारी कॉलेज शामिल हैं। इंदौर में 25,700 अभ्यर्थी ने परीक्षा दी। पंचभाई ने बताया कि, एग्जाम को लेकर उड़न दस्ते भी तैयार किए गए थे। जिन्होंने अलग-अलग सेंटरों पर जाकर चेकिंग की। इसके साथ ही नकल और पेपर लीक को लेकर भी आयोग द्वारा कड़ी नजर रखी गई। डॉ. पंचभाई के अनुसार, आयोग इस साल दिसंबर तक राज्य सेवा परीक्षा 2023, 2024 और 2025 के अंतिम चयन परिणाम घोषित करने की योजना बना रहा है। मुख्य परीक्षा (मेन्स) जून में प्रस्तावित है और इंटरव्यू भी इसी साल कराए जाने की योजना हैं।

# उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा मीडिया समूह के रिकॉर्डिंग स्टूडियो का शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में रविवार विचार के आधुनिक रिकॉर्डिंग स्टूडियो का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने किया। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी विशेष तौर पर उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने इस अवसर पर कहा कि रविवार विचार के इस दौर में पॉजिटिव स्टोरीज़ पर काम करना एक सराहनीय पहल है। सांसद श्री शंकर लालवानी ने मीडिया समूह को महिलाओं के उत्थान पर आधारित सफलता की कहानियों के संकलन के लिए बधाई दी। इस मौके पर रविवार विचार के सीईओ श्री रोहन शर्मा, श्री सत्यम खंडेलवाल, एसोसिएट एडिटर डॉ.विवेक वर्द्धन श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमित सिंह मौजूद रहे।

# लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने इंदौर में की निर्माण कार्यों की समीक्षा

## लोक निर्माण के माध्यम से लोक कल्याण करें : श्री सिंह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह ने रेसीडेंसी कोठी में इंदौर संभाग की विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में इंदौर राजस्व संभाग के आठ जिलों में 20 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री महेन्द्र हार्डिया, सुश्री उषा ठाकुर, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्री श्रवण चावड़ा, श्री सुमित मिश्रा, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री के. पी. एस. राणा (सड़क एवं पुल), प्रमुख अभियंता श्री एस आर बघेल (भवन), प्रमुख अभियंता श्री अनिल श्रीवास्तव (भवन विकास निगम) मुख्य अभियंता श्री सी. एस. खरत श्री आर. के. जैन (सड़क विकास निगम), श्री जी.पी. वर्मा. श्री व्ही. पी. बौरासी, श्री अविनाश शिवरिया (कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग) कार्यपालन यंत्री श्री एस. एन. सोनी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।**

इस समीक्षा बैठक में 37 निर्माण कार्यों के ठेकेदारों और संबंधित कार्यपालन यांत्रियों को भी आमंत्रित




किया गया था। इन 37 निर्माण कार्यों में लोक निर्माण विभाग सड़क एवं पुल के 14 कार्य, लोक निर्माण विभाग भवन के 14 कार्य, सड़क विकास निगम के 5 कार्य एवं भवन विकास निगम के 4 कार्य सम्मिलित थे।

बैठक में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने मूसाखेड़ी चौराहे पर 6 लेन फ्लाय ओवर पुल के निर्माण कार्य, क्रिस्टल आई.टी. पार्क चौराहे पर 6 लेन फ्लायओवर पुल निर्माण का कार्य, सत्यसांई चौराहे पर 6 लेन फ्लायओवर पुल निर्माण, देवास नाका चौराहा पर 6 लेन फ्लाय ओवर पुल निर्माण, बाणगंगा स्थित नये ओवर ब्रिज का निर्माण, महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में अतिरिक्त 169 पी.जी.सीट हेतु उन्नयन कार्य, मानसिक अस्पताल परिसर बाणगंगा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन का निर्माण, नवलखा चौराहे पर एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण, सांवेर रोड़ पर नये रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण, खण्डवा जिले के मंधाता क्षेत्र में संत सिंगाजी मंदिर परिसर तक पहुंच मार्ग निर्माण, खण्डवा जिले के तीन पुलिया क्षेत्र में नवीन तीन भुजा वाले रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण, औंकारेश्वर के बंगाली आश्रम के पास नर्मदा नदी पर उच्च स्तरीय पुल के शेष भाग का निर्माण, इंदौर-उज्जैन 6 लेन मार्ग, सोण्डवा में सी. एम. राईज शासकीय मॉडल उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, झाबुआ जिले के मेघनगर में शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, खरगोन जिले के धूलकोट में सी. एम. राईज योजनान्तर्गत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय का भवन निर्माण, खण्डवा जिले के छैगांव माखन में सी.एम. राईज स्कूल निर्माण सहित 37 निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली और उसकी विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में मंत्री श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि लोक निर्माण का अर्थ लोक कल्याण है और समाज में इंजीनियर एक महत्वपूर्ण घटक है। छोटा या बड़ा कोई भी इंफ्रास्टेक्चर बगैर इंजीनियर की भूमिका के संभव नहीं है। इंजीनियर समाज की एक महत्वपूर्ण ईकाई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेशभर में चारों तरफ निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिससे प्रदेश में प्रगति और विकास की बयार बह रही है। सभी अधिकारी अपने कार्य में गुणवत्ता लायें, कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। इंजीनियर साईट पर जाकर फिजिकल मॉनिटरिंग करें और ठेकेदार भी अपने कार्य के प्रति पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता बरतें। आगामी सिंहस्थ को देखते हुये सभी निर्माण कार्यों में प्रगति लायें। श्री सिंह ने सभी को निर्देश दिये कि जो अधिकारी या ठेकेदार निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करेगा। उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी और जो समय पर अच्छा कार्य करेगा ऐसे अधिकारियों को पुरस्कृत और सम्मानित भी किया जायेगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

# इंस्टाग्राम की लेडी डॉन ने चाकू से काटा केक

## क्षेत्रीय गुंडो के साथ खिंचवाया फोटो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने दो दिन पहले इंस्टाग्राम पर हथियारों के साथ फोटो डालने वाले युवकों पर कारवाई की थी। इस मामले में उसने रील भी डिलीट कराई गई। शनिवार रात जब शहर भर की पुलिस सड़कों पर गश्त कर रही थी। तभी विजयनगर इलाके में रहने वाली युवती ने 18 साल के होने पर चाकू से केक काटा।**



इस दौरान इलाके के छुटभैये बदमाशों के साथ फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल किए। विजयनगर इलाके के बजरंग नगर में रहने वाली शिल्पा नाम की युवती ने हथियारों से केक काटा है। केक काटने का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया प्रोफाइल पर पोस्ट भी किया है। इसमें इलाके के कुछ बदमाश भी उसके साथ बर्थडे पर फोटो खिंचवाए है। उसे भी सोशल मीडिया पर डाला गया है। उसने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपना अकांउट भी लेडी डॉन के नाम से बनाया हुआ है। दरअसल युवती का शनिवार को 18 वां जन्मदिन घर के बाहर बनाया गया था।



इस दौरान बदमाश केक के साथ यहां दो दो चाकू लेकर पहुंचे थे। पूरा घटनाक्रम के समय पुलिस रात में गश्त पर थी जो इलाके के बदमाशों की जानकारी जुटा रही थी। फिलहाल मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस और वरिष्ठ अफसरों तक नही पहुंची है। गुंडो के इस तरह से फोटो वीडियो डालने के मामले में दो दिन पहले ही क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई की थी। उन्हें थाने लाकर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। वही उनकी प्रोफाइल से फोटो वीडियो हटवाएं गए थे।

## होटल में देर रात 2 बजे पार्टी के बाद छात्रा के साथ छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **भंवरकुआ इलाके की एक होटल में देर रात 2 बजे पार्टी के बाद एक छात्रा के साथ उसके दोस्त के साथी ने छेड़छाड़ की। छात्रा वहां से अपने घर पहुंची। इसके बाद शनिवार दोपहर थाने आकर मामले में केस दर्ज कराया।**

पुलिस के मुताबिक घटना डिलाईट स्टे होटल नानक की है। यहां एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ हो गई। छात्रा ने उक्त मामले में अरमान रघुवंशी निवासी धार और उसके दोस्त के खिलाफ छेड़छाड़ को लेकर केस दर्ज कराया है। छात्रा ने बताया कि वह अरमान को 1 साल से जानती है। वह दोस्तो के साथ मिलते थे ओर पार्टी करते थे। रात 2 बजे अरमान,उसका दोस्त और एक अन्य महिला मित्र होटल में वेलेंटाइन डे की पार्टी मनाने पहुंचे। इस दौरान महिला मित्र और अरमान रूम से बाहर निकल गए। तब अरमान का दोस्त और छात्रा रूम में थे। अरमान के दोस्त ने बातचीत में कहां कि उसकी फोटो उसके पास है। तब उससे फोटो को लेकर कहां कि उक्त फोटो कहां से आई तो उसने अरमान के द्वारा देने की बात कही। इसके बाद अरमान के दोस्त ने हाथ पकड़ा और अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता रूम से बाहर आई ओर फिर अपने रूम पर चली गई। बाद में पीड़िता अपनी अन्य दोस्त के साथ थाने पहुंची और केस दर्ज कराया।

## 70 साल की बुजुर्ग महिला के साथ चैन लूट की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एरोड्रम इलाके में एक 70 साल की बुजुर्ग महिला के साथ चैन लूट की वारदात हो गई। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है। भागने के दौरान आरोपियों की एक्टिवा स्लीप हो गई। जिसमें एक का पैर टूट गया। पुलिस आरोपियों से ओर वारदात को लेकर पूछताछ कर रही है। टीआई तरूण भाटी की टीम ने 70 वर्षीय महिला शंकुतला जैन के साथ हुई लूट के मामले में नीलेश निवासी पीथमपुर और उसके साथी को पकड़ा है। आरोपियों ने एक दिन पहले चैन लूट की वारदात को अजांम दिया था। बताया जाता है कि भागने के दौरान बदमाश गिर गए। इसमें उनके हाथ पैरो में चोटें आई है। पुलिस के मुताबिक शकुंतला ने अपनी शिकायत में बताया था कि विद्या पैलेस में उनके घर के बाहर वर्धमान किराना के नाम से किराना दुकान है। शाम करीब 4 बजे के लगभग वह दुकान पर थी। तब नीले रंग की एक्टिवा सो दो लड़के वहां पहुंचे। जिसमें आगे वाले लड़के ने मास्क पहना हुआ था। पीछे बैठा लड़का एक्टिवा से उतरकर आया ओर चाकलेट मांगी। जब शकुंतला चाकलेट निकालने के लिए झुकी तो आरोपी ने गले पर झपट्टा मारकर चेन लूट ली। जिसमें सोने का पेडल भी लगा हुआ था। इस मामले में वह बेटे को लेकर थाने शिकायत करने पहुंची थी। पुलिस ने उक्त मामले के सीसीटीवी खंगाले।

## तिंछा फॉल पर पेड़ से लटका मिला छात्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एक छात्र ने तिंछा फॉल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने शनिवार को पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

मृतक की पहचान धार के मनावर निवासी सूरज पवार के रूप में हुई है। वह लॉ की पढ़ाई पूरी कर चुका था और इंदौर के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर किराए के कमरे में रहता था। शनिवार को तिंछा फॉल के जंगल में उसका शव पेड़ से लटका मिला। उसकी बाइक पास में ही खड़ी थी। सूरज शुक्रवार शाम बिना किसी को बताए निकला था। इससे पहले वह अपने रूममेट के साथ घूम रहा था। परिवार ने बताया कि वह सेज यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रैक्टिस कर रहा था। सूरज के दोस्तों के अनुसार, वह घटना से पहले किसी लड़की से मोबाइल पर चैटिंग कर रहा था। उसकी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक लड़की के लिए संदेश था- 'शादी के लिए बधाई, तुम खुश रहो।' इस स्टोरी को देखकर दोस्तों को संदेह हुआ कि वह मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस को भी आत्महत्या के पीछे प्रेम प्रसंग की आशंका है और मामले की जांच जारी है। मृतक के चाचा ने बताया कि सूरज के पिता की मृत्यु कोरोना काल में हो चुकी थी। परिवार में छोटा भाई और मां खेती का काम संभालते हैं। सूरज करीब 6 साल से इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है और मोबाइल डेटा खंगाल रही है।

## मंत्री के निर्देश पर एसडीओ को किया निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट के निर्देश पर सिवनी में किसान से अभद्रता करने वाले जल संसाधन विभाग के एसडीओ को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य अभियंता भोपाल द्वारा एस.डी.ओ. राम बघेल को निलंबित करते हुए नर्मदापुरम में अटैच कर दिया गया है। शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

## मां के सामने बेटा करता है अश्लील हरकतें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। परदेशीपुरा पुलिस ने एक मां की शिकायत पर उसके बेटे के खिलाफ छेडछाड़ करने ओर अश्लील हरकत करने के मामले में केस दर्ज कराया है। पीड़िता पहले भी आरोपी पर इस तरह का केस दर्ज करा चुकी है। लेकिन जेल से छूटने के बाद आरोपी की हरकतों में बदलाव नही आया। पुलिस के पास एक महिला पहुंची थी। उसने बताया कि बड़ा बेटा काम नहीं करता, घर पर ही रहता है। जब वह घर पर अकेली रहती है तो उसके सामने अश्लील हरकत करता है। इस बात से परेशान होकर वह 1 जून 2024 में छेड़छाड़ की शिकायत कर चुकी है। परिवार के समझाने पर समझौता कर लिया। उन्हें लगा बेटा जेल से आने के बाद सुधर गया होगा लेकिन इसके बाद भी उसकी हरकतें बढ़ती गई। कपड़े उतार देता है, रात 11 बजे बेटे ने इसी तरह की हरकतें की। इसके बाद पीड़िता पति को लेकर थाने पहुंची थी।

## गंगवाल से सरवटे बस स्टैंड हटे बाधक निर्माण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **शहर में दो बस स्टैंडों को जोड़ने वाली सरवटे गंगवाल बस स्टैंड का निर्माण तीन साल पहले शुरू हुआ था,लेकिन अभी तक बाधक हिस्से ही नहीं हटे। रविवार को नगर निगम का अमला दो पोकलेन, जेसीबी और 50 से ज्यादा श्रमिक लेकर बाधक हिस्सा हटाने पहुंचा।**

पंद्रह से ज्यादा बाधक हिस्से हटाए गए। अब मार्ग के जिन हिस्सों में पर्याप्त चौड़ाई है, वहां अब नगर निगम सड़क बनाएगा। बाधक हिस्से तोड़े जाने का रहवासियों ने विरोध भी किया। उनका कहना था कि तीन साल पहले भी बाधक निर्माण बड़ी संख्या में तोड़े गए, लेकिन सड़क नहीं बनाई जा रही है, फिर क्यों लोगों के निर्माण क्यों तोड़े जा रहे है। अफसरों ने कहा कि मास्टर प्लान में मार्ग की जो चौड़ाई है। उसके हिसाब से नोटिस दिए गए है और उतने ही हिस्से में निर्माण तोड़े जा रहे है। दोनो स्टेशनों के बीच मच्छीबाजार, बियाबानी, जूनी इंदौर क्षेत्र में 80 से ज्यादा निर्माण पूर्व में तोड़े जा चुके है। रविवार को पांच से लेकर आठ फुट तक मकानों के बाधक हिस्से तोड़े गए। चौड़ाई की जद में दो-तीन मंजिला मकान बाधक थे। जिन्हें पोकलेन की मदद से हटाया गया। अभी भी 40 से ज्यादा बाधक निर्मार पूरे मार्ग में है, जिन्हे आने वाले दिनों में हटाया जाएगा। अफसरों का कहना है कि सिंहस्थ मेले के समय दोनो स्टेशनों के बीच की सड़क पर ट्रैफिक रहेगा। इस कारण सड़क की चौड़ा किया जा रहा है। सिरपुर तालाब के केचमेंट एरिया से भी रविवार को सात मकान तोड़े गए। यह हिस्सा ग्रीन बेल्ट में है। वहां अवैध निर्माण भी हो रहे है। कुछ निर्माणाधीन मकानों को भी तोड़ा गया।

# दिल्ली में हुई भगदड़ के बाद भोपाल के स्टेशनों मे भी अलर्ट

## प्रयागराज जाने वालों की भीड़ में नहीं आई कमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** दिल्ली रेलवे स्टेशन में हुई भगदड़ के बाद राजधानी भोपाल के स्टेशनों पर अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को छुट्टी के दिन भी अधिकारियों ने सभी स्टेशनों का जायजा लिया। RPF-GRP सहित रेलवे स्टाफ पूरे समय डटे रहे। वहीं प्रयागराज जाने वालों की भीड़ में कोई कमी नहीं आई है।

रानीकमलापति स्टेशन में प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि किसी प्रकार का कोई डर नहीं है। वहीं स्टेशन पर मौजूद जवानों ने बताया कि यहां किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है सामान्य दिनों की तरह आज भी लोग प्रयागराज की यात्रा पर जा रहे हैं।



जानकारी के लिए बतादें कि भोपाल मंडल से रोजाना 50 से ज्यादा कुंभ स्पेशल ट्रेन चल रही है। इसे देखते हुए भोपाल मंडल के हर स्टेशन के फोटो, वीडियो मंगवा कर निगरानी की जा रही है। वहीं RPF, GRP सहित रेलवे स्टाफ को स्टेशन पर डटे रहने के निर्देश दिए हैं। ओवर क्राउड होते ही तुरंत अधिकारियों को सूचना देने के आदेश दिए गए है।दरअसल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ जैसी घटना में अब तक 18 लोगों की जान चली गई। भगदड़ में जान गंवाने वालों में 9 महिलाएं, 4 पुरुष, 5 बच्चे शामिल हैं। वहीं हादसे में 25 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। इसमें से कुछ लोगों की स्थिति चिंताजनक है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

## एमपी-यूपी बार्डर पर हजारों गाड़ियों में फंसे श्रद्धालु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** महाकुंभ जा रहे श्रद्धालु एक बार फिर हजारों वाहनों के अंदर फंस गए। रविवार को एमपी-यूपी बार्डर पर चाकघाट क्षेत्र में करीब15KM लंबा जाम लगा। 3 ट्रेन रद्द हो जाने की वजह से श्रद्धालुओं को घंटों तक स्टेशन के बाहर और रेलवे ओवरब्रिज पर कड़ी धूप में बैठना पड़ा। दूर-दूर से रीवा स्टेशन पर आए श्रद्धालु परेशान हुए। किसी ने कहा न जाते तो ही बढ़िया होता, किसी ने अव्यवस्थाओं के पीछे प्रशासन की कमियां बताईं। महाकुंभ खत्म होने में 10 दिन का समय बचा है, ऐसे में अधिक से अधिक लोग स्नान के लिए पहुंचना चाहते हैं। डीआईजी साकेत पांडे का कहना है कि वीकेंड की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या एक बार फिर बढ़ गई है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। सड़कों पर तैनात पुलिस और प्रशासन लगातार श्रद्धालुओं की हर तरह की चिंता कर रहा है।

## शराब की बोतल लेकर श्रद्धालु पहुंचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में एक श्रद्धालु बिना किसी जांच के शराब की बोतल लेकर मंदिर के विश्रामधाम तक पहुंच गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे मंदिर प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठने लगे हैं। युवक ने खुद को काना परसाई पांडे, निवासी नर्मदापुरम बताया। उसने स्वीकार किया कि उसकी जेब में शराब की बोतल थी, जिसे वह कालभैरव को चढ़ाने के लिए लाया था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि मंदिर के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मियों ने उसकी कोई जांच नहीं की, जिससे वह आसानी से मंदिर परिसर में प्रवेश कर गया।

## कांग्रेस अपने बड़ों की इज्जत नहीं करती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सीएम मोहन यादव ने कहा- हमारे मित्र और विरोधियों ने पता नहीं क्या बोल-बोल कर समाज में अपनी इज्जत को खुद गिरा दिया है। पता नहीं, वो किस मिट्टी के बने हैं। वो ऐसा झूठ बोलते हैं कि उन्हें ही नहीं पता कि, क्यों बोलते हैं, किस लिए बोलते हैं। इस दौरान डॉ. मोहन यादव ने कहा कि, कांग्रेसी कहते हैं कि, वे ओबीसी समाज के लिए काम कर रहे हैं। अरे भैया तुम्हारे परदादा नेहरू ने ही जनगणना रुकवाई थी। ये पाप तुम्हारे सिर पर है। दूसरों को दोष क्यों दे रहे हो। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और हमारे पार्टी ने ओबीसी वर्ग को हक देने का लगातार काम किया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के संवैधानिक मान्यता को आजादी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने दी है।

## जीजा को हनीट्रैप में फंसाने का मास्टरमाइंड निकला साला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा, एजेंसी।** हरदा का एक किसान हनीट्रैप का शिकार हो गया। लड़की ने उसे धार मिलने बुलाया और बंधक बनाकर 12 लाख रुपए की डिमांड कर दी। किसान की पत्नी को कॉल गया तो उसने अपने मुंहबोले भाई को कॉल कर कहा कि वह पति को इस मुसीबत से बाहर निकाले। मुंहबोला भाई जीजा को छुड़ाने आरोपियों के पास पहुंच गया। यहां उसे भी बंधक बना लिया गया।

28 घंटे तक बंधक रखकर दोनों के साथ हॉकी और डंडे से मारपीट भी की गई। परिवार की सूचना पर पुलिस ने दोनों को छुड़ाया। यहां तक तो हनीट्रैप की यह कहानी साफ नजर आ रही थी, लेकिन जब पुलिस की पड़ताल शुरू हुई तो पूरी स्टोरी ही फिल्म कहानी की तरह उलट गई। पत्नी ने जिस मुंहबोले भाई को मदद के लिए भेजा था, हकीकत में वही, इस पूरे कांड का मास्टरमाइंड निकला। पूरी कहानी रियल लगे, इसीलिए उसी के कहने पर आरोपियों ने किसान के साथ उसकी भी पिटाई की थी। पुलिस ने किसान के साले राजेंद्र सिंह को भी आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अब तक 6 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। एक महिला अभी फरार है।



## शिवाय अपहरणकांड के आरोपियों का शॉर्ट एनकाउंटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर के शिवाय अपहरणकांड के दोनों आरोपियों को मुरैना पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान राहुल गुर्जर निवासी जिगनी और बंटी गुर्जर निवासी शिवलाल का पुरा, मुरैना के रूप में हुई है। मुरैना पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल लाल रंग की बाइक भी जब्त कर ली है।

एसपी समीर सौरभ ने बताया कि शनिवार रात 11:30 बजे माता बसैया थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुतवार रोड पर दो बदमाश लूट की योजना बना रहे हैं। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तो बदमाशों ने गोलियां चलाना शुरू कर दीं। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। दोनों तरफ से करीब 5-6 राउंड गोलियां चलीं। भागने की कोशिश में दोनों बदमाशों के पैर में गोलियां लगीं। पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि ग्वालियर में शिवाय गुप्ता के अपहरण में उनका हाथ है। इस एनकाउंटर की खास बात यह रही कि दोनों बदमाशों को शरीर में एक ही जगह पर पुलिस की गोलियां लगीं। राहुल के बाएं पैर में घुटने से नीचे पिंडली में गोली लगी। उसी तरह बंटी के भी बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली मारी गई। फायरिंग के दौरान बदमाशों द्वारा दागी गई दो गोलियां पुलिस की गाड़ी में लगीं।

# प्रदेश में गिद्धों की गणना आज से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में गिद्धों की संख्या और उनकी स्थिति का आकलन करने के लिये गिद्ध गणना वर्ष 2024-25 पूरे प्रदेश में 17 फरवरी से प्रारंभ होगी जो दो चरणों की जायेगी। गिद्धों के आंकलन की गणना वर्ष में दो बार की जाती है। शीतकालीन गिद्ध गणना 17, 18 एवं 19 फरवरी को होगी और ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 29 अप्रैल 2025 को की जायेगी। शीतकालीन गिद्ध गणना सुबह 7 बजे से 8 बजे तक होगी। ऐसे स्थान जहां पर ऊंची चट्टान है, उन स्थानों में अधिकतम 9 बजे तक गणना की जा सकती है। केवल बैठे हुए गिद्धों की गणना की जायेगी। गिद्ध गणना वर्ष 2024-25 के लिये 11 मास्टर ट्रेनर द्वारा 16 वन वृत्त में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 27, 29 एवं 31 जनवरी 2025 में किया गया। प्रशिक्षण में 900 से अधिक वन अधिकारी-कर्मचारियों, गिद्ध विशेषज्ञों और पक्षी प्रेमियों ने भाग लिया। प्रदेश में गिद्धों के संरक्षण से संबंधित गतिविधियों के अनुश्रवण के लिये एवं गिद्ध गणना वर्ष 2024-25 की पद्धति पर विचार करने के लिये, तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक 20 जनवरी 2025 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) की अध्यक्षता में की गई।



## दूल्हे की मौत से दु:खी परिवार के घर चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, एजेंसी।** श्योपुर में शनिवार रात जाट छात्रावास के बगल से स्थित एक सूने मकान में चोरी हो गई। यह मकान उस दूल्हे प्रदीप जाट के चाचा भोला जाट का है, जिसकी शुक्रवार रात घोड़ी पर बैठे-बैठे मौत हो गई थी। दरअसल, पूरा परिवार प्रदीप के अंतिम संस्कार के लिए करीब 40 किमी दूर पैतृक गांव सूसवाड़ा गया हुआ था। इस दौरान बदमाशों ने ताला तोड़कर चोरी कर ली। हालांकि अभी इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इसलिए पता नहीं चला है कि कितना सामान चोरी हुआ है। घटना का पता रविवार सुबह तब चला जब पड़ोसियों ने मकान का टूटा ताला देखा। सूचना मिलते ही परिवार के लोग और कोतवाली थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश कुमार दुबे ने बताया कि पुलिस ने मौका मुआयना किया है।

### आईएएस नियाज खान बोले-

## इस्लाम तो अरब का धर्म है, हिंदू से लोग मुस्लिम बनाए गए


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश कैडर के चर्चित आईएएस अधिकारी नियाज खान एक बार फिर अपने बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बार उन्होंने देश के मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि पहले हिंदुओं को भाई मानें और फिर अरब के आदर्शों की ओर देखें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आईएएस नियाज खान ने लिखा कि इस्लाम तो अरब का धर्म है। यहां तो सभी हिंदू थे। हिंदू से लोग मुस्लिम बनाए गए थे। इसलिए भले ही धर्म अलग अलग हों लहू तो एक है। सभी एक संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। अगर जो मुस्लिम अरब के लोगों को आदर्श मानते हैं वे पुनर्विचार करें। सर्वप्रथम हिंदुओं को अपना भाई मानें बाद में अरब को। बता दें आईएएस नियाज खान 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वे छत्तीसगढ़ से आते हैं। उन्हें मध्य प्रदेश कैडर में पदोन्नत किया गया था। वे अपनी किताबों और बयानों के लिए भी जाने जाते हैं। नियाज खान अब तक 7 नॉवेल लिख चुके हैं। जिनमें से एक पर 'आश्रम' वेब सीरीज भी बनी है। इस सीरीज को लेकर वे क्रेडिट ना मिलने पर निर्माता के खिलाफ कोर्ट में केस भी दायर कर चुके हैं। उन्होंने सनातन धर्म और ब्राह्मणों के बारे में अपनी किताब 'ब्राह्मण द ग्रेट' लिखी हैं। उनके बयानों ने हमेशा ध्यान आकर्षित किया है और अब इस नए बयान के बाद एक बार फिर वे चर्चा में है।

## संपादकीय

# शुरू हो गया यमुना की सफाई का काम

दिल्ली में यमुना नदी बस तीन वर्ष में साफ हो जाएगी! उपराज्यपाल (LG) वीके सक्सेना का दावा तो यही है। उन्होंने रविवार को यमुना नदी की सफाई की पूरी योजना बताई। इस योजना में चार मुख्य बातें हैं। एलजी का कहना है कि इससे दिल्ली में बहने वाली यमुना तीन साल में साफ हो जाएगी। एलजी ऑफिस ने रविवार को बताया, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में यमुना की सफाई का वादा किया था। इस वादे को पूरा करने के लिए काम शुरू हो गया है। कूड़ा हटाने वाली मशीनें, पानी के पौधे काटने वाली मशीनें, और नदी की गाद साफ करने वाली मशीनें आज से नदी की सफाई में लग गई हैं।' सक्सेना ने मुख्य सचिव और दूसरे बड़े अधिकारियों के साथ नदी की सफाई की योजना पर बातचीत की। एलजी ऑफिस के एक अधिकारी ने बताया, 'शुरुआत में कचरा और गाद निकाला जाएगा। साथ ही, नजफगढ़ नाले और सप्लीमेंट्री नाले समेत सभी बड़े नालों की सफाई शुरू होगी।' अधिकारी ने आगे बताया, 'सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) पर नजर रखी जाएगी। देखा जाएगा कि वो कितना पानी साफ कर रहे हैं। नए एसटीपी बनाने और छोटे-छोटे एसटीपी लगाने की योजना भी बनाई जाएगी। इस काम को समय पर पूरा किया जाएगा।' एलजी ऑफिस ने बताया कि इस योजना को कामयाब बनाने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (DJB), सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, नगर निगम (MCD), लोक निर्माण विभाग (PWD) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA) जैसे सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने आगे बताया, 'नदी की सफाई के काम पर हर हफ्ते नजर रखी जाएगी। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (DPCC) को कहा गया है कि वो ध्यान रखे कि कोई भी फैक्ट्री बिना साफ किए गंदा पानी नालों में न डाले।' दिल्ली विधानसभा चुनावों में यमुना की सफाई एक बड़ा मुद्दा था। पीएम मोदी ने एक चुनावी रैली में वादा किया था कि वो यमुना को साफ करने की हर मुमकिन कोशिश करेंगे। उन्होंने आम आदमी पार्टी (AAP) सरकार पर भी निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि आप सरकार ने यमुना की सफाई के लिए कुछ नहीं किया और लोगों की आस्था का अपमान किया है। नई दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में चुनावी जीत के जश्न के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैंने चुनाव प्रचार के दौरान वादा किया था कि हम यमुना को दिल्ली की पहचान बनाएंगे। मुझे पता है कि यह काम मुश्किल है और इसमें लंबा समय लगेगा। चाहे कितना भी समय लगे, कितनी भी ऊर्जा लगे, हम यमुना की सेवा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।'




## सैर सपाटा

# इन जगहों पर दोगुना हो जाएगा महाशिवरात्रि का मजा

## भोलेनाथ के भक्त कर सकते हैं जाने की प्लानिंग

### वाराणसी

वाराणसी में देश के सबसे खास शिव मंदिरों में से एक है और इसलिए वाराणसी में महा शिवरात्रि भव्य तरीके से मनाई जाती है। वाराणसी में महाशिवरात्रि पर पूरे भारत से लोग फेमस शिव मंदिर में आते हैं और अनुष्ठान करते हैं। इस दिन कई मंदिरों में शिव बारात का आयोजन किया जाता है। इस बारात में लोग अलग-अलग देवी-देवताओं की भूमिका निभाते हैं। 5 घंटे तक चलने वाले इस जुलूस का सभी आनंद लेते हैं।

### मंडी, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के मंडी में भूतनाथ का मंदिर देश में सबसे बड़े शिवरात्रि उत्सव की मेजबानी करता है। कहते हैं कि मंडी के शाही परिवार ने लगभग 500 साल पहले इस परंपरा की शुरुआत की थी और अब हर साल एक हफ्ते तक चलने वाला अंतर्राष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि मेला यहां आयोजित किया जाता है। ऐसे में ये मेला



देखने लायक है।

### श्रीशैलम

श्रीशैलम आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में कृष्णा नदी के तट पर एक ऊंची प्राकृतिक जगह पर स्थित एक प्रसिद्ध पहाड़ी शहर है। यहां की पहचान इसके कई प्राचीन मंदिरों से होती है जिनमें एक ज्योतिर्लिंग, एक वाइल्ड लाइफ सैंचुरी और एक बांध शामिल है। यहां के प्राचीन मंदिरों श्रीकालाहस्ती और श्रीशैलम में महाशिवरात्रि उत्सव भारतीय संस्कृति की प्रामाणिकता को दर्शाता है।

### उज्जैन

भारत के सबसे पवित्र शहरों में से एक माना जाने वाला उज्जैन, मालवा हिस्से में शिप्रा नदी के पूर्वी तट पर स्थित एक प्राचीन शहर है। शांतिपूर्ण महाशिवरात्रि समारोह का हिस्सा बनना वास्तव में एक मजेदार अनुभव होगा।

### हरिद्वार

महाशिवरात्रि के दौरान कई भक्त हरिद्वार आते हैं, यह जगह अपने घाटों के लिए जानी जाती है। यहां हर की पौड़ी में डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। इसके अलावा यहां पर अलग-अलग मंदिरों के दर्शन भी कर सकते हैं।

New Delhi

# दिल्ली-NCR में महसूस हुए भूकंप के तेज झटके, कई सेकंड तक डोली धरती, तीव्रता 4, लेकिन दहशत में आए लोग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में सोमवार सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए. कई सेकंड तक धरती डोलती रही. लोग दशहत में अपने घरों से बाहर निकल गए. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (National Centre For Seismology) के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई, इसका केंद्र दिल्ली के पास ही धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था. इसीलिए तेज झटके महसूस हुए. कुछ सेकंड तक चलने वाले भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इमारतों के अंदर जोरदार कंपन महसूस हुआ. भूकंप सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर आया, जिससे लोगों की नींद उड़ गई.



एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भूकंप का केंद्र धौला कुआं में दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास था. अधिकारी ने बताया कि जहां भूकंप का केंद्र था, उसके पास एक झील है. यह क्षेत्र हर दो से तीन साल में एक बार छोटे और कम तीव्रता वाले भूकंप का अनुभव करता रहा है. उन्होंने कहा, 2015 में यहां 3.3 तीव्रता का भूकंप आया था. भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर के साथ पड़ोसी राज्यों में भी महसूस किए गए. लोगों में दहशत फैल गई और वे एहतियात अपने घरों से बाहर निकल गए. फिलहाल कहीं से जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं आई है.

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लोगों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा, 'दिल्ली और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए. सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने की अपील करते हैं.

Uttarpradesh

लखनऊ का 'कातिल' बेटा...

## हथौड़े से वार कर मां-बाप को उतारा मौत के घाट, चीखती-चिल्लाती रही पत्नी, नहीं कांपे हाथ



**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक बेटे ने अपने माता-पिता को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. बेटे ने अपने माता-पिता को ऐसी दर्दनाक मौत दी, जिसे सुन पुलिस भी सन्न रह गई. घटना का कारण संपत्ति विवाद बताया जा रहा है. फिलहाल, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

दरअसल, लखनऊ के मोहनलालगंज में शनिवार रात बेटे की माता-पिता से प्रॉपर्टी को लेकर कहासुनी हो गई थी. देखते ही देखते बात इतनी बढ़ी कि बेटा कमरे से हथौड़ा लेकर आ गया और उनपर हमला बोल दिया. पत्नी और छोटे भाई ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उन्हें धक्का देकर दूर कर दिया. इसके बाद उसने मौत का ऐसा खेल खेला कि घरवालों के साथ मोहल्ले के लोग भी सकते में आ गए. उसने ताबड़तोड़ हथौड़े से वार कर माता-पिता को मार डाला. इस दौरान उसकी पत्नी चीखती रही, सास-ससुर को छोड़ने की अपील करती रही, लेकिन 'कातिल' बेटे के सिर पर जैसे खून सवार था, उसने किसी की एक ना सुनी. हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया. लखनऊ पुलिस के मुताबिक, आरोपी बेटा अपने माता-पिता के साथ एक घर में रहता था.

Bihar

## बिहार के सीवान में भी दिल्ली जितनी तीव्रता वाला भूकंप, दहशत में आ गए लोग

**पटना, (एजेंसी)** देश की राजधानी दिल्ली के बाद अब बिहार के सीवान में भी उतनी ही तीव्रता (4.0) का भूकंप महसूस किया गया है. भूकंप के कारण सीवान के लोग दहशत में आ गए. लोग अपने-अपने घरों से निकलकर खुले इलाकों में भागे. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया है कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 थी. भूकंप के झटके महसूस करने वाले सीवान के लोगों ने बताया कि उन्हें लगा कि जैसे धरती बहुत जोर-जोर से हिल रही है. लोगों ने एक अपने परिवार के लोगों को अलर्ट करना शुरू किया और बच्चों को गोद या कंधों पर उठाकर बाहर की तरफ भागे. कई लोग तो आफ्टर शॉक की दहशत में लंबे समय तक घर के बाहर ही नजर आए. बता दें कि आज ही दिल्ली-NCR में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. कई सेकंड तक राजधानी की धरती डोलती रही. लोग दशहत में अपने घरों से बाहर निकल गए. दिल्ली के भूकंप की तीव्रता भी 4.0 ही मापी गई थी. इसका केंद्र दिल्ली के पास ही धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था.

New Delhi

## बारिश का है अलर्ट, जाती हुई सर्दी लौटेगी वापस?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर भारत में सर्दी लौट रही है मगर अगले कुछ दिनों में सक्रिय हो रहा पश्चिमी विक्षोभ मौसम का मिजाज बदल सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के मैदानी इलाकों में अगले कुछ दिनों में तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। वहीं, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उससे सटे मैदानी इलाकों में 18 फरवरी की रात से 20 फरवरी तक एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव देखा जाएगा, जिससे बारिश और बर्फबारी की संभावना है। पिछले 24 घंटों में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में दिन के तापमान में 3-5 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, मध्य और पूर्वी भारत तथा तेलंगाना में तापमान में 1-3 डिग्री की वृद्धि हुई। उत्तराखंड में तापमान में 2-5 डिग्री की गिरावट देखी गई, जबकि सौराष्ट्र, कच्छ, पश्चिमी राजस्थान और कोंकण क्षेत्र में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई। रात के तापमान की बात करें तो उत्तराखंड, पश्चिमी राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार, पूर्वोत्तर भारत, आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा और तेलंगाना में 1-4 डिग्री की गिरावट हुई। दूसरी ओर, मध्य भारत, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और गंगीय पश्चिम बंगाल में तापमान 1-3 डिग्री बढ़ गया। आईएमडी के मुताबिक, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 17 फरवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके चलते 18 फरवरी की रात से 20 फरवरी तक उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश और बर्फबारी की गतिविधियां तेज होंगी। अरुणाचल प्रदेश में 17 से 22 फरवरी तक हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 19 फरवरी को भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 17 से 20 फरवरी के बीच कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

खेल

# गुजरात ने यूपी को छह विकेट से हराकर दर्ज की पहली जीत, प्रिया के बाद गार्डनर ने मचाया धमाल

**वडोदरा, (एजेंसी) महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण का आगाज हो चुका है। रविवार को वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में इस टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दीप्ति शर्मा की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 143 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम ने 18 ओवर में चार विकेट खोकर 144 रन बनाए और छह विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया।**



**WPL 2025 में गुजरात की पहली जीत-** मौजूदा संस्करण में यह गुजरात जायंट्स की पहली जीत है जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने चार मैचों में पहली बार जीत का स्वाद चखा है। इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहीं गुजरात की कप्तान एश्ले गार्डनर ने कहा कि अपने घरेलू मैदान पर जीत दर्ज करके बहुत खुशी हो रही है। इस दौरान उन्होंने लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा की भी सराहना की, जिन्होंने तीन विकेट लेकर यूपी वॉरियर्स के बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। गार्डनर ने कहा- हमारे गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और प्रिया मिश्रा जैसी खिलाड़ी ने अपने दूसरे डब्ल्यूपीएल मैच में ही 3 विकेट चटकाए, जो शानदार था।

**गार्डनर की अर्धशतकीय पारी से जीती गुजरात की टीम-** लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। टीम को पहला झटका बेथ मूनी के रूप में लगा जिन्हें हैरिस ने पहले ही ओवर में अपना शिकार बनाया। वह खाता भी नहीं खोल सकीं। इसके बाद सोफी एक्लेस्टोन ने दयालन हेमलता को बोल्ड किया। वह भी खाता खोले बिना पवेलियन लौटीं। इसके बाद मोर्चा लाउरा और एश्ले गार्डनर ने संभाला, लेकिन एक्लेस्टोन ने लाउरा को भी लौटा दिया। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी हुई। इसके बाद गार्डनर को हरलीन देओल का साथ मिला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 29 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 32 गेंदों में 52 रन बनाए। यूपी के खिलाफ हरलीन ने 34 और डिएंड्रा डॉटिन ने 33 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। यूपी के लिए सोफी एक्लेस्टोन ने दो विकेट लिए जबकि ग्रेस हैरिस और ताहलिया मैक्ग्रा को एक-एक सफलता मिली।

**22 पर दो विकेट गंवा चुकी यूपी को मिला उमा और दीप्ति का साथ-** इस संस्करण में अपना पहला मैच खेल रही यूपी वॉरियर्स की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। टीम ने 22 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों का विकेट गंवा दिया। डिएंड्रा डॉटिन ने किरन नवगिरे को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 15 रन बना सकीं। इसके बाद एश्ले गार्डनर ने दिनेश वृंदा को आउट किया।

सिनेमा

## 24 की उम्र में कोरियन एक्ट्रेस Kim Sae Ron की मौत, घर में पड़ा मिला शव



साउथ कोरियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आ रही है. पॉपुलर कोरियन एक्ट्रेस Kim Sae Ron की 24 साल की उम्र में मौत हो गई है. वो 16 फरवरी को अपने घर में मृत पाई गईं. उनकी मौत की क्या वजह रही अभी इसके बारे में पूरी जानकारी आना बाकी है. कहा जा रहा है कि करीबी के जानकारी देने पर इमरजेंसी सेवाएं उनके घर भेजी गई थीं.

न्यूज वेबसाइट 'द कोरियन हेराल्ड' की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने इस बात को कंफर्म किया है कि एक्ट्रेस Kim Sae Ron अपने अपार्टमेंट में मृत पाई गई हैं. उनके एक दोस्त ने उन्हें भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.20 मिनट पर कॉल करके इस घटना की जानकारी दी थी. ताजा जानकारी के मुताबिक, पुलिस एक्ट्रेस की मौत की वजह को जानने के लिए इस पूरे केस को ढंग से इंवेस्टिगेट करेगी. पुलिस का कहना है कि एक्ट्रेस से किसी जोर-जबरदस्ती के संकेत नहीं मिले हैं. Kim Sae Ron कोरियन ड्रामा फिल्मों में एक जाना-माना नाम थीं. उन्होंने 'Listen to My Heart', 'The Queen's Classroom', 'Hi! School-Love On' जैसी कोरियन ड्रामा फिल्मों में काम किया है जिसमें उनकी एक्टिंग लोगों को काफी पसंद भी आई थी. Kim Sae Ron ने अपना एक्टिंग डेब्यू साल 2009 में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट किया था. लेकिन Kim की पॉपुलैरिटी साल 2023 में आई नेटफ्लिक्स की सीरीज Bloodhounds से बढ़ी थी.

## Highlights

1. What caused loud noise during earthquake in Delhi?
2. Gadkari flags off 'Road Train' for long-haul transportation
3. Rotary Belagavi Marathon 2025: A green sprint to glory
4. Yamuna clean-up begins in Delhi days after BJP's poll win
5. 7 prisoners granted early release for good conduct in Kalaburagi
6. Lalu's remark on Kumbh exposes RJD's mindset towards Hindu: BJP

# Hexaware Technologies IPO allotment today: How to check status, latest GMP

**NEW DELHI, (Agency).** The share allotment for the Hexaware Technologies Initial Public Offering (IPO) will be finalised on Monday, February 17, 2025.

For individuals not allocated shares, the refund procedure will begin on Tuesday, February 18, 2025.

The Carlyle-backed company's IPO opened for subscription on Wednesday, February 12 and ended on Friday, February 14.

Qualified Institutional buyers (QIBs) rescued the issue with a 9.09 times subscription after it received poor interest. Retail investors had invested 11% and non-institutional investors invested 20%. On the third day, its subscription status was 2.66 times.

The listing date for the IPO is scheduled for Wednesday, February 19.



How to check Hexaware Technologies IPO allotment status

There are three ways to check the Hexaware Technologies IPO allotment status. On the website of the registrar (Kfin Technologies Ltd), on the website of the Bombay Stock Exchange (BSE), and on the website of the National Stock Exchange (NSE).

Kfin Technologies

Go to the website, and choose "Hexaware Technologies IPO" from the dropdown menu titled “Select IPO.” Enter your PAN, Demat account number, or application number. Then enter the application number, followed by the captcha code and click on "Submit."

If you chose the Demat Account option, enter your account details along with the captcha code and press "Submit." For the third choice, which is through PAN, enter your PAN number along with the captcha code and click on “Submit.”

# ‘Smartest AI on Earth’: Elon Musk announces release of Grok 3

**NEW DELHI, (Agency).** Billionaire and world's richest person Elon Musk has announced the release of Grok 3, the latest version of his artificial intelligence chatbot. Grok 3 will be released on Monday night at 8 pm PT (Tuesday 9:30 am IST), Musk announced through a post on X, formerly Twitter. A live demo will accompany the release.

“Grok 3 release with live demo on Monday night at 8pm PT. Smartest AI on Earth,” he said in a post. He also announced going offline till the release for "honing” the product.



“Will be honing product with the team all weekend, so offline until then,” read his reply to his own post.

‘Grok 3 is scary smart’- Elon Musk’s announcement comes after he teased about the release of the new model earlier this week and said Grok 3 Artificial Intelligence (AI) chatbot is a model, which will outperform everything else that’s been released so far, Bloomberg reported. “At times I think Grok 3 is scary smart,” Musk said via video conference at the World Government Summit in Dubai on Thursday, February 13, 2025, according to the report. The model was trained on synthetic data and is capable of reflecting on mistakes that it makes by going back and forth through the data to achieve logical consistency, Musk added. The race to make the most efficient AI model seems to intensify as new players are competing to create an edge in the market. Some weeks back, China’s DeepSeek was making headlines for building a model competitive enough for ChatGPT but at a fraction of the cost.

# ज्योतिषीय / अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

www.babapandit.com

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक